# हाईस्कूल परीक्षा सत्र : 2019–20

## प्रतिदर्श प्रश्नपत्र – कक्षा–10
## विषय–प्रारम्भिक हिन्दी
## केवल प्रश्नपत्र

(केवल नियमानुसार अनिवार्य हिन्दी से छूट पाये परीक्षार्थियों के लिए)

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**निर्देशः** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**1.** क) निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सत्य है, उसे पहचान कर लिखिए। 1

i) प्रेमचन्द्र एक प्रमुख नाटककार हैं।

ii) रामचन्द्र शुक्ल ने अनेक उपन्यास लिखे हैं।

iii) 'कफन' प्रेमचन्द्र जी की कहानी है।

iv) 'ठेले पर हिमालय' के लेखक गुलाबराय है।

ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी एक लेखक का नाम लिखिए। 1

i) पुनर्नवा

ii) जनमेजय का नागयज्ञ

iii) ध्रुवस्वामिनी

iv) सेवासदन।

ग) हिन्दी के किसी एक एकांकीकार के नाम लिखिए। 1

घ) रेखाचित्र के किसी एक प्रसिद्ध लेखक/लेखिका नाम बताइये। 1

ङ) एक आधुनिक आलोचक का नाम बताइए। 1

**2.** क) रीतिकाल की किन्हीं दो धाराओं के नाम लिखिए। 2

ख) निम्नलिखित रचनाओं में से किन्हीं दो रचनाकारों के नाम लिखिए। 2

i) कनुप्रिया

ii) अनामिका

iii) रेणुका

iv) संसद से सड़क तक।

ग) जयशंकर प्रसाद की किसी एक रचना के नाम लिखिए। 1

**3.** निम्नांकित गद्यांशों में से किसी एक के नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 2+4+2=8

<u>कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है। यह केवल नीति और सद्वृत्ति का ही नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है।</u> किसी युवा पुरूष की संगति यदि बुरी होगी, तो वह उसके पैरों में बँधी चक्की के समान होगी, जो उसे दिन–दिन अवनति के गड्ढे में गिराती जायेगी और यदि अच्छी होगी तो सहारा देने वाली बाहु के समान होगी, जो उसे निरन्तर उन्नति की ओर उठाती जायेगी।

i) उपरोक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

iii) एक अच्छे मित्र के क्या लक्षण हैं?

अथवा

https://www.evidyarthi.in/

पहले पहाड़ काटकर उसे खोखला कर दिया गया, फिर उसमें सुन्दर भवन बना लिए गए, जहाँ खम्भों पर उभारी मूरतें विहँस उठीं। भीतर की समूची दीवारें और छतें रगड़कर चिकनी कर ली गई और तब उनकी जमीन पर चित्रों की एक दुनिया ही बसा दी गई। पहले पलस्तर लगाकर आचार्यों ने उन पर लहराती रेखाओं में चित्रों की काया सिरज दी, फिर उनके चेले कलावन्तों ने उसमें रंग भरकर प्राण फूँक दिए। फिर तो दीवारें उमंग उठी, पहाड़ पुलकित हो उठे।

i) उपरोक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

iii) उपरोक्त गद्यांश के आधार पर बताइए कि पहाड़ों को जीवन्त कैसे बनाया गया है?

**4.** निम्नलिखित पद्यांश का सन्दर्भ सहित अर्थ लिखिए:— 2+6=8

किलकत कान्ह घुटुरुवनि आवत।
मनिमय कनक नंद कै आँगन, बिम्ब पकरिबै धावत।।
कबहुँ निरखि हरि आपु छाँह कौ, कर सौ पकरन चाहत।
किलकि हँसत राजत द्वै दतियाँ, पुनि—पुनि तिहि अवगाहत।।
कनक भूमि पर कर पग छाया, यह उपमा इक राजति।
करि—करि प्रतिपद प्रतिमनि वसुधा, कमल बैठकि साजति।।
बाल—दसा—सुख निरखि जसोदा, पुनि—पुनि नंद बुलावति।
अँचरा तर लै ढाँकि, सूर के प्रभु कौं दूध पियावति।।

अथवा

अणु युग बने धरा जीवन हित

स्वर्ण–सृजन का साधन,
मानवता ही विश्व सत्य
भू राष्ट्र करें आत्मार्पण।
धरा चन्द्र की प्रीति परस्पर
जगत प्रसिद्ध, पुरातन,
हृदय सिन्धु में उठता
स्वर्गिक ज्वार देख चन्द्रानन।

**5.** क) निम्नलिखित अवतरण का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 2+4=6

वाराणसी सुविख्यात प्राचीना नगरी। इयं विमलसलिलतर›ायाः ग›ायाः कूले स्थिता। अस्याः घट्टानां वलयाकृतिः पङ्क्तिः धवलायां चन्द्रिकायां बहुराजते। अगणिताः पर्यटकाः सुदूरेभ्यः नित्यम् अत्र आयान्ति, अस्याः घट्टानाञ्च शोभा विलोक्य इमां बहुप्रशंसन्ति।

अथवा

न वै ताडनात् तापनाद् वहित्मध्ये।
न वै विक्रयात् क्लिश्यमानोऽहमस्मि।।
सुवर्णस्य में मुख्यदुःखं तदेकं।
यतो मा जना गुञ्जया तोलयन्ति।।

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए– 1+1=2

i) भारतीय संस्कृतेः किं तात्पर्यम् अस्ति?

https://www.evidyarthi.in/

ii) अम्भोदा कुत्र वसन्ति?

iii) खात् (आकाशात्) उच्चतरः भवति?

iv) सुप्रभातं कदा भविष्यति?

**6.** क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय दीजिए तथा उनकी दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए– 2+1=3

i) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

ii) जयशंकर प्रसाद

iii) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद।

ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का जीवन परिचय लिखिए तथा उनकी दो प्रमुख रचनाओं के नाम बताइए– 2+1=3

i) सूरदास

ii) तुलसीदास

iii) सुमित्रानन्दन पंत

**7.** क) हास्य अथवा करुण रस की परिभाषा लिखिए तथा एक उदाहरण भी प्रस्तुत कीजिए। 2

ख) रुपक अथवा उत्प्रेक्षा अलंकार की सोदाहरण परिभाषा लिखिए। 2

ग) दोहा छन्द के लक्षणों का उल्लेख करते हुए एक उदाहरण भी दीजिए। 2

**8.** क) निम्नलिखित में से किसी एक पद का समास–विग्रह कीजिए तथा समास का नाम भी बताइए– 1+1=2

i) तत्रैव

ii) आद्यन्तः

iii) अन्वेषम्।

ख) निम्नलिखित मुहावरों तथा लोकोक्तियों में से किन्हीं दो का अर्थ स्पष्ट करते हुए, अपने वाक्य में उनका प्रयोग कीजिए— 1+1=2

i) अंगारों पर पैर रखना

ii) अपनी खिचड़ी अलग पकाना

iii) अक्ल काम न करना

iv) ईद का चाँद होना।

ग) निम्नलिखित में से किसी एक के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए— 1+1=2

i) कुबेर

ii) गंगा

iii) शहद

iv) शेर।

घ) निम्नलिखित में से किन्ही दो के तद्भव रुप लिखिए— 1+1=2

i) कपोत

ii) हिय

iii) पुष्प

iv) लक्ष।

ङ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो के विपरीतार्थक शब्द लिखिए— 1+1=2

https://www.evidyarthi.in/

i) कर्कश

ii) प्रधान

iii) न्याय

iv) जागना।

च) निम्नलिखित वाक्यांशों में से किन्ही दो के लिए एक–एक शब्द लिखिए– 1+1=2

i) इन्द्रियों से सम्बन्धित

ii) सूर्योदय से पहले का समय

iii) इतिहास से सम्बन्धित

iv) छः महीने का समय।

**9.** क) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द में सन्धि–विच्छेद कीजिए और सन्धि का नाम भी बताइए– 1

i) अत्यधिकम्

ii) अत्याचारः

iii) तथैव।

ख) 'पठ' धातु लृटलकार का प्रथम पुरुष का द्विवचन बताइए। 1

ग) 'तस्मै' अथवा 'यूयम' शब्द की विभक्ति व वचन बताइए। 1

घ) निम्नलिखित में से किसी एक की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए। 1

हसताम्, पश्येव, पचत, पठेयुः।

**10.** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबन्ध लिखिएः– 8

i) बेरोजगारी की समस्या और समाधान

ii) विद्यार्थी और अनुशासन

iii) पुस्तकालय से लाभ

iv) संचार माध्यम और आधुनिक मनुष्य

v) भ्रष्टाचारः एक समस्या

vi) पर्यावरण की सुरक्षा

vii) परोपकार का महत्व।

*****

https://www.evidyarthi.in/